दैनिक प्रातः कालीन
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001



वर्ष :- 03 अंक :- 28 मुरादाबाद, 18 May 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## उत्तर प्रदेश में स्थापित होगा फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट, सीएम ने लिया बड़ा निर्णय

फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान एवं मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। प्रदेश में फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में फार्मस्युटिकल सेक्टर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए प्रदेश में एक नवीन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मा मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की संख्या में उत्तर प्रदेश देश का छठवां सबसे बड़ा राज्य है, अब हमारा लक्ष्य देश में अग्रणी राज्य बनने का है। इसी प्रकार देश में फार्मा मैन्युफैक्चरिंग में अभी हमारा योगदान 2 प्रतिशत का है जिसे 10-12 प्रतिशत तक पहुंचाने की आवश्यकता है। फार्मास्युटिकल सेक्टर में विकास बड़ी संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश को इन संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए। दवा निर्माण के साथ-साथ हमें शोध-अनुसंधान पर भी फ़ोकस करना होगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईआईटीआर, सीडीआरआई, सीमैप और एनबीआरआई जैसे उच्चस्तरीय शोध संस्थान क्रियाशील हैं। जबकि एसजीपीजीआई, केजीएमयू जैसे अकादमिक संस्थान भी हैं। नियोजित प्रयासों से बीते कुछ वर्षों में लखनऊ बायोफार्मा हब के रूप में उभर कर आया है। फार्मास्युटिकल सेक्टर के लिए एकेटीयू व अन्य प्राविधिक शिक्षण संस्थान मानव संसाधन उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। प्रदेश में फार्मा पार्क निर्माण की कार्यवाही चल रही है तो मेडिकल डिवाइस पार्क का भी निर्माण किया जाना है। इस संसाधनों का बेहतर लाभ उठाना होगा। लैब और इंडस्ट्री, तीनों क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे में फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट की स्थापना की जानी चाहिए। यह संस्थान मूलतः शोध और नवाचार पर केंद्रित होगा, साथ ही सेक्टर से संबधित अन्य संस्थानों व इंडस्ट्री के बीच सेतु का काम करेगा। फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इनोवेशन इंस्टीट्यूट के स्वरूप के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। सेक्टर विशेषज्ञों का पैनल तैयार करें। फार्मास्युटिकल सेक्टर की भविष्य की जरूरतों का आकलन करें और दुनिया भर के बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करते हुए आगामी 15 दिनों के भीतर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें। राजधानी लखनऊ में इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित की जाए। यह संस्थान राष्ट्रीय फलक पर उत्तर प्रदेश को फार्मास्युटिकल शोध-अनुसंधान और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला होगा।

## मायावती का बयान, धर्म का राजनीति के लिए इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए घातक



बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी निकाय चुनाव में हार के बाद भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुटने के लिए आह्वान किया।बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी निकाय चुनाव में करारी हार पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन करने के लिए गुरुवार को लखनऊ में बैठक बुलाई है।

बुधवार को उन्होंने ट्वीट कर कहा कि धर्म का राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल देश के लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यूपी में सत्ताधारी पार्टी द्वारा जनविरोधी नीतियों, गलत कार्यकलापों आदि कमियों का चुनाव पर प्रभाव कम करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, इनका द्वेषपूर्ण, दमनकारी व्यवहार एवं धर्म का राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल अति-गंभीर व अति-चिन्ताजनक है। जो कि लोकतंत्र के लिए घातक है। मायावती ने कहा कि इन घोर जनविरोधी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने हेतु ठोस रणनीति बनाकर उसके हिसाब से आगे खासकर लोकसभा आम चुनाव के लिए अभी से ही तैयारी में जुट जाने के लिए यूपी स्टेट के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों, मण्डल व ज़िला अध्यक्षों आदि की लखनऊ में कल विशेष बैठक है।

प्रदेश में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद यूपी निकाय चुनाव में भी बसपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में सभी जगहों पर भाजपा की जीत हुई है। सपा-बसपा एक भी सीट नहीं जीत सकी हैं।

## मुख्तार अंसारी को बड़ी राहत, हत्या के प्रयास की साजिश में पूर्व विधायक दोषमुक्त



इस मामले में बीते छह मई को मुख्तार की ओर से मौखिक बहस की गई। जिसके बाद अदालत ने फैसला के लिए 17 मई की तिथि मुकर्रर की थी। बुधवार को फैसला सुनाते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के जज दुर्गेश ने मुख्तार अंसारी को मामले में दोषमुक्त करार दिया है।गाजीपुर = अपर सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट दुर्गेश की अदालत ने मुहम्मदाबाद क्षेत्र में हुए हत्या प्रयास की साजिश में आरोपित मुख्तार अंसारी दोषमुक्त कर दिया है।वर्ष 2009 में मीर हसन उर्फ मीरकल्लू निवासी चकशाह मुहम्मद उर्फ मलिकपुरा ने मुहम्मदाबाद थाने में सोनू यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना में मुख्तार अंसारी को साजिशकर्ता मानते हुए उनपर धारा 120बी का केस दर्ज किया था। तब अंसारी जेल में बंद था। हालांकि इस मामले में मुख्य आरोपित सोनू यादव कोर्ट से बरी हो गया था, जबकि मुख्तार अंसारी के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहा था।इस मामले में बीते छह मई को मुख्तार की ओर से मौखिक बहस की गई। जिसके बाद अदालत ने फैसला के लिए 17 मई की तिथि मुकर्रर की थी। बुधवार को फैसला सुनाते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के जज दुर्गेश ने मुख्तार अंसारी को हत्या के प्रयास की साजिश के मामले में दोषमुक्त करार दिया है।

### इसी कोर्ट से दो मामले में दस-दस साल की हो चुकी है सजा

एमपी एमएलए कोर्ट दुर्गेश की अदालत ने इससे पहले गैंगस्टर के दो मामले में मुख्तार अंसारी को दस-दस साल की सजा सुना चुकी है। गैंगस्टर में पहली सजा बनारस के अवधेशराय हत्या कांड और दूसरी सजा बनारस के ही कोयला व्यवसायी व हिंदूवादी नेता नंदकिशोर रुंगटा अपहरण व हत्या कांड के गैंगस्टर में दस साल की सजा सुनाई गई थी।

## बाबा बागेश्वर की हनुमंत कथा से बिहार में महाभारतः नीतीश-लालू ने किया विरोध; प्रशांत किशोर भी नहीं रहे पीछे




बिहार में बाबा बागेश्वर के दरबार की चर्चा देशभर में है। बुधवार को बाबा के दरबार का अंतिम दिन है। इस बीच राजनीति गलियारों में भी खूब घमासान मचा है। महागठबंधन ने धीरेंद्र शास्त्री के आगमन को भाजपा का एजेंडा बताया है।पटना के नौबतपुर में बागेश्वर धाम के आचार्य बाबा बागेश्वर के दरबार का आज अंतिम दिन है। धीरेंद्र शास्त्री के 13 से 17 मई की हनुमत कथा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हालांकि, बिहार में बाबा के दरबार को लेकर पटना से दिल्ली तक खूब राजनीति भी हुई। पांच दिनों के कार्यक्रम में भाजपा सांसद मनोज तिवारी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे सहित भाजपा के कई बड़े नेता धीरेंद्र शास्त्री के सामने माथा टेकते नजर आए।वहीं, बिहार में महागठबंधन ने इसे लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा का एजेंडा बताया है। जदयू और राजद का आरोप है कि बाबा और साधुओं के नाम पर भाजपा बिहार में सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद सहित कई नेताओं ने धीरेंद्र शास्त्री का विरोध किया।

### नीतीश ने दी बाबा बागेश्वर को नसीहत

पटना में धीरेंद्र शास्त्री के बयान %बिहार से जलेगी हिंदू राष्ट्र की ज्वाला% पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि क्या ये सब जो ये कह रहे हैं, आज़ादी की लड़ाई के दौरान पैदा हुए थे? ये कहने की क्या जरूरत है? वहीं, धीरेंद्र शास्त्री ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का भी आह्वान किया। इसपर सीएम नीतीश ने कहा कि आप किसी भी धर्म को मानिए, उसमें कोई रूकावट है क्या? पर नामकरण करना आश्चर्य की बात है। यह कभी संभव है क्या? कोई ऐसा कर सकता है क्या? राम-कृष्ण करिए न भाई। भारत में तो सात धर्म है।

### बागेश्वर बाबा के खिलाफ तेज प्रताप ने खड़ी की सेना

बिहार के पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव ने सबसे पहले धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ मोर्चा खोला था। तेज प्रताप ने तो पर्ची निकालने वाले बाबा को पटना में रोकने के लिए डीएसएस नाम की एक सेना का भी गठन कर लिया था। हालांकि, वे दरबार को रोक नहीं पाए। बिहार में बाबा बागेश्वर की जबरदस्त फैन फोलोइंग को लेकर जब उनसे सवाल किया गया तो तेज प्रताप ने कहा कि कौन बाबा है। असली बाबा देवराहा बाबा थे, जो 400 साल जिंदा रहे। उन्?हीं को हम मानते हैं, उन्?हीं के आशीर्वाद से मेरा जन्?म हुआ। तेज प्रताप ने कहा कि बाबा बिहारियों को गाली देने का काम कर रहे हैं। बिहार में कृष्ण राज्य है, यहां महागठबंधन का राज है। ये सब देश को तोड़ने के लिए राजनीति की जा रही है। जनता ने कर्नाटक में परिणाम दे दिया है।

### तेज प्रताप के बाद पिता लालू भी बिफरे

वहीं, तेज प्रताप के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने भी धीरेंद्र शास्त्री को बाबा मानने से इनकार कर दिया। मंगलवार को दिल्ली जाने के दौरान पटना एयरपोर्ट पर लालू ने कहा कि उ कोई बाबा है क्या? उनसे यह सवाल भी किया गया कि तेजस्वी ने बिहार में बागेश्वर बाबा को क्यों नहीं रोका? इसपर लालू प्रसाद ने कहा कि बागेश्वर कौन चीज है?

### प्रशांत किशोर ने भाजपा पर कशा तंज

बाबा बागेश्वर के खिलाफ राजनीतिक सलाहकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर भी महागठबधंन के साथ नजर आए। उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री के बहाने भाजपा पर भी निशाना साधा। पीके ने कहा कि भगवान राम की फोटो लगाने वाले अगर बागेश्वर बाबा का फोटो लगा रहे हैं तो भाजपा की तरक्की को इसी से समझा जा सकता है। भाजपा के दफ्तर में बाबा की तस्वीर लग रही है तो शायद उनका भरोसा राम जी से कम हो गया है।

## 'निकाय चुनाव में भाजपा गड़बड़ी न करती तो नंबर वन होती सपा', मैनपुरी में शिवपाल सिंह ने साधा भाजपा पर निशाना



निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी को अपेक्षित सीटें नहीं मिलने पर अखिलेश यादव लगातार भाजपा पर हमला बोल रहे हैं। अब शिवपाल भी भाजपा पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शिवपाल सिंह ने मैनपुरी में कहा कि पहले निकाय चुनाव हारने की समीक्षा पार्टी करेगी।

समाजवादी पार्टी सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा। निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी ने पूरी तरह से चुनाव लड़ा और बहुत ही सीटें पर जीत भी दर्ज कराई। निकाय चुनाव में सपा को वोट भी बहुत अच्छा मिला। अगर भाजपा गड़बड़ियां न कराती तो समाजवादी पार्टी नंबर एक पर रहती।सैनिक की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे मैनपुरी

शिवपाल सिंह यादव बरनाहल क्षेत्र के गांव नगला टीन में बलिदानी सैनिक ताले सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह में आए थे। यहां पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा ने पूरी तरह से बेईमानी की है। प्रशासन की मदद से गड़बड़ी कराई गई।

जनता यह सच जान चुकी है। आगामी लोकसभा चुनाव के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि 2024 में केवल समाजवादी पार्टी ही भाजपा के लिए चुनौती बनेगी।लोकसभा के सवाल पर बोले- संगठन करेंगे तैयार

शिवपाल सिंह ने कहा कि अभी हम लोग निकाय चुनाव को लेकर समीक्षा करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए संगठन को तैयार करेंगे। जितने भी नेता और कार्यकर्ता हैं, उनसे कहेंगे पार्टी सर्वोपरि है। टिकट मिलने के बाद सभी लोग एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा को उत्तर प्रदेश से हराने का काम समाजवादी पार्टी करेगी।

## संपादकीय Editorial

# Pakistan would have been divided

Pakistan has been scattered and disintegrated. There are people on the streets and there are crowds of pro-government mobs. For the first time, the army is looking so weak that the crowd can blow anything of them. Law and Judiciary are gasping. They are becoming helpless because the ruling mob has invaded the Supreme Court itself.

The crowd has also crossed the 'Red Zone'. The mob has sticks, sticks and stones. The insides can also be automatic weapons. How safe are the judges of the Supreme Court, because the security personnel posted there are government officials, so they have become mute spectators. Prime Minister Shehbaz Sharif's government has formed a committee in the National Assembly (Parliament) by approving a resolution against the country's Chief Justice Justice Umar Ata Bandial. The government is determined to remove the Chief Justice itself. Although President Dr. Arif Alvi can block this campaign, because he has been the leader of Imran Khan's party. National Security Council meetings are being held. All the exercises are focused on cracking down on former Prime Minister Imran Khan. Riyaz Ahmed has even demanded in the Parliament that Imran should be hanged publicly. He is a traitor. Therefore, the apprehension of Imran Khan that the Sharif government may put him in jail for 10 years on charges of treason seems solid. His party 'Pakistan Tehreek-e-Insaf' (PTI) may be banned. Undoubtedly, the circumstances of the repetition of 1971 have been created in Pakistan. Then the government oppressed Sheikh Mujibur Rahman of East Pakistan and banned his party 'Awami League'. Mujib somehow reached Calcutta in India and declared East Pakistan as 'independent'. India helped Mujib, trained his 'Mukti Bahini', but had to go to war with Pakistan in December 1971. Pakistan was forced to capitulate in just 13 days of fighting and lost more than 93,000 of its soldiers to the Indian Army. Had to surrender in front. Pakistan was divided and 'Bangladesh' was formed in place of East Pakistan. Are the conditions of 1971 in Balochistan, Sindh and Punjab also that Pakistan will be divided once again? There is discontent in these provinces, agitations are going on. Even in Pakistan-occupied Kashmir, there is a situation of rebellion against the rule. They want to be free and meet in India. India has also been formulating its strategy on this issue. Pakistan is in dire condition. The situation of bankruptcy is such that if it does not pay an installment of Rs 1.5 lakh crore loan to China this year, then Pakistan can even become a 'colony' of China. Pakistan has a debt of more than Rs 10.5 lakh crore. The International Monetary Fund has refused to lend. The people of Pakistan are dependent on food grains and are lying on the streets. The contempt case against Prime Minister Sharif is also pending in the Supreme Court. If he is found guilty, he will have to leave the post of prime minister.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Challenge: From where will the energy come for the growing population, there is a need to formulate a serious policy regarding its use

If on one hand the cities continue to shine and the villages remain immersed in darkness, then many other kinds of inequalities will surround us. That's why it is necessary that we also make a serious policy regarding energy usage and set a limit on its consumption per person. Be it village or city. Energy has become the biggest need of the world today. Anyway, the structure of the earth or the whole universe rests on energy only. The contribution of energy is behind every kind of development. One of the reasons why we are waving the flag of development in the world is because of energy, which is the basis of all our miracles. It can also be said that today the increasing number of cities in the world and other physical facilities ranging from motor vehicles to air conditioners or kitchen gadgets to cooking gas are all sources of energy. This is the reason why energy production is becoming a major challenge in the world. In our own country, the per capita energy consumption in 2012-13 was around 914 kilowatts, which increased to around 1200 kilowatts in 2019-20. That means the energy consumption directly increased by about 32 percent. Now the increasing population and the energy requirement for it is still unanswered. India is home to 18 per cent of the world's population, but we use only six per cent of the world's total energy consumption today. If the current situation continues, our energy consumption will double by 2040 and for this, whatever sources are explored, their current status needs to be considered to understand their potential. Other hazards arising out of their exploitation also cannot be ignored. Today, mainly coal, biomass, oil etc. resources are used for energy, whose conditions cannot be said to be very stable. In fact, unstable sources on the one hand and increasing consumption on the other have created a crunch. 54 percent of the world's urban areas account for 70 percent of energy consumption and 20 percent of the carbon foot print is due to cities alone. There were 75 million people in cities in 1950 and by 2018, 4.6 billion people have come to cities. In our country, by 2040, 27 crore people will reach more cities, because cities have been considered as the centers of development. Apart from the facilities, the cities have also become employment hubs. The needs of housing, water, food for the growing urban population will be directly dependent on energy. The irony is that urban populations will continue to grow and cities will continue to be the largest centers of energy consumption in the future. If we look at the data of the Central Energy Authority, then in 2019, 1.37 crore energy units were required and by 2030, 2.51 crore energy units would be required. Our energy dependence has been high on coal and in the coming times we will have to reduce this dependence from 63 percent to 56 percent in any case, because this is our resolve at the international level. But will this be possible, it is also a big question because in the country where we live, coal is the biggest source of energy. This resource is the largest in the country and being a big country, we will not be able to curb the use of coal much in order to provide energy based facilities to every home and village. Today we have more than 60 per cent dependence on coal, which supplies about 72 per cent of our energy requirement. According to the figures of 2014-15, today we have to use about 530 million tonnes of coal. And in that too, 40 percent of the coal being of low quality creates a serious situation like pollution. In such a situation, we should become serious about alternative energy. Today the world and our country are engaged in a big initiative regarding alternative sources of energy. For this, where the country has made provision for a better budget, new sources of energy are being sought with the help of science and technology. Along with hydro power, bio power, we are looking at atomic energy as a big source. Although we are constantly getting into debates about nuclear energy, but perhaps we do not know that this earth was born because of a nucleus synthesis. The sun which gives us so much energy, it gives it only through nuclear synthesis. Now the question is that if we raise questions of nature and environment in such an alternative, then we have already ruined everything. Then in the coming times, the way energy is going to be required continuously, we will not have to kneel in front of all kinds of energy sources due to alternative energy sources. In the year 2022, we have received 167.57 GW of energy from alternative sources, of which 63.3 GW came from solar alone and 66.85 GW from hydro. Similarly, wind energy generated 41.93 GW of energy. If we continue to grow like this in the coming times, then biomass will also be a big source of energy, which is about 10.73 GW of alternative energy today. The biggest question in all this is that the way our population has increased to 142.67 crores and still the villages are deprived of many types of development, in such a situation perhaps we will have to take two big steps. Firstly, promotion of alternative energy and secondly, curbing our excessive energy requirements, because if on one hand the cities keep shining and the villages remain immersed in darkness, then many other inequalities surround us. That's why it is necessary that we make a serious policy regarding energy use and set a limit on its consumption per person. Whether it is a village or a city, it should not be based only on who has economic capacity, but on these capacities. Energy products of the country and the needs of the population It should be decided on the basis of need. By the way, we have misused energy and spent more in luxuries than in necessities. The credit for what is happening around us in the name of global warming and climate change goes to the increasing luxuries. If we do not improve in the coming few decades, our basic needs will also be in trouble. Unless we set limits on the use of energy, we cannot be energy secure.

# Challenge to take front from Mocha cyclone, keen eye on coastal areas

In view of the seriousness of 'Mocha', the coastal areas are heavily guarded and the Coast Guard personnel are keeping an eye on the sea area. These days the sea storm 'Mocha' has spread panic. The government and administration made tremendous preparations to face this storm which reached India through the waters of Myanmar-Bangladesh. From NDRF, Civil Defense, Navy to Army personnel are also ready. Last week, this cyclonic storm had become very dangerous after reaching the southeast region adjacent to the Bay of Central Bengal. Its initial speed was ninety kilometers per hour, which changed to 520 kilometers by the time it reached Port Blair. After this, the administration became completely alert. However, by the time it reached India, its speed had reduced considerably. Otherwise, it would have been difficult to estimate the devastation it would have caused, because it has wreaked havoc near the waters of Bangladesh and Myanmar. Sensing that situation, our state governments have already taken the lead and have shown understanding by issuing warnings and taking people to safe places in advance. Significantly, before the monsoon, one or the other cyclonic storm often arrives. This process has been going on regularly for the last one decade. Earlier there were cyclonic storms like Hudhud, Fani, Phailin, which caused a lot of loss of life and property despite preparations. Meteorologists have described 'Mocha' as dangerous compared to other cyclonic storms. So far, a total of six types of cyclones have been identified, in which the polar low (Polar Low), polar cyclone, intra-tropical cyclone, tropical cyclone, socyclones and extra-tropical cyclone are prominent. Apart from this, low-speed storms also occur from time to time, which do not reach the coastal areas. It is only in the sea that they go away by booming. At that time ships and fishermen are stopped from going in the sea. The present time of India is considered to be the change of seasons. Monsoon sets in in June, which sets the mood for the rest of the year. In such a situation, when a cyclonic storm occurs, changes in the weather begin. Actually, Cyclone is such a structure, which is generated in deep water with low atmospheric pressure around warm air. When the warm air on one side meets the cold air on the other side, it turns into a circular storm and is called a cyclone. Between 1836 and 1855 in Calcutta, the great scientist and logician Henry Piddington wrote about forty research papers related to tropical storms in the book The Journal of the Asiatic Society, which were also translated into other languages and published around the world. If you understand in native language, then the meaning of cyclone is 'snake coil', which indicates devastation. In 1842, he explained in detail about cyclones in his landmark thesis 'Laws of the Storm'. The name of a cyclone is given by the country from where the cyclone originates. Names are mostly kept after animals or insects of violent nature. Other countries call the cyclone by its given name till its term is over. At present, in view of the severity of the 'Mocha' storm, the coastal areas are heavily guarded. Indian Coast Guard personnel are on alert in danger-prone waters like West Bengal, Tripura, Manipur, Gujarat and are keeping a close watch on low-pressure areas. Fishermen have been barred from venturing into the sea. Until the storm calms down completely, there will be an apprehension of danger. There is a possibility of devastation till May 18. After that the danger will be less. Till then the security forces will have to keep showing promptness.

# किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु 22 मई से 10 जून के मध्य कैम्प आयोजित

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टे्रट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्युत संबंधी फसल मुआवजा, गन्ना भुगतान, आवारा पशुओ आदि की समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया, जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं उनकी सकारात्मक सोच के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाये और जो भी कार्यवाही की जाये उससे संबंधित को भी अवगत कराया जाये तथा उसकी प्रतिलिपि जिला कृषि अधिकारी को भी भेजे। जिलाधिकारी ने कहा कि संवादहीनता नही होनी चाहिए परस्पर आपसी संवाद बनाये रखें और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का न्यायोचित समाधान करें, ताकि किसान दिवस की सार्थकता बनी रहें। जिलाधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा।





जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि यदि कोई समस्या है तो वह कार्यालय में आकर भी सीधे अवगत करा सकते हैं। किसान दिवस में बेलबाडा, दीवान तथा बिलारी शुगर मिल द्वारा गन्ना का कम भुगतान करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित शैड्यूल के मुताबिक गन्ना मिल प्रबन्धकों को भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान में मिलें लापरवाही न बरतें, गन्ने का भुगतान जितना जल्दी हो सके कर दें। जिलाधिकारी ने किसानों से आह्वान किया कि भूसादान करने में सभी किसानों का सहयोग अपेक्षित है। किसानों ने जिलाधिकारी को बताया कि एन0एच0ए0आई0 द्वारा रिंग रोड हेतु अधिग्रहण की जा रही भूमि के बैनामें ठीक प्रकार से कराएं जाएं, इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि किसानों को किसी भी तरह की समस्या नही होने दी जाएगी। किसान दिवस में गन्ना मूल्य भुगतान एवं विद्युत के संबंध में शिकायतों को प्रमुखता से रखा गया और बताया कि विद्युत विभाग द्वारा अधिक चार्ज लगाया जा रहा है, इस जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों में विद्युत विभाग द्वारा अधिक चार्ज लगा दिया है अपनी देखरेख में जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस में आने वाली समस्याओं को नोट कर उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा किसानों को भी निरन्तर अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि कृषक बंधु लिखित में शिकायत फोन नम्बर सहित दें,

ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें आयीं है उनका निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सभी कृषक अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और मिलते भी रहें ताकि फीडबैक भी मिलता रहें। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें जो निदान संभव होगा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार लगातार सुधार हो रहा है और होता रहेगा। जिलाधिकारी ने किसानों की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से बेहतर संवाद बनाने एवं आपस में सामन्जस्य बनाने के निर्देश दिए। किसान दिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कंसल, भूमि संरक्षण अधिकारी योगेन्द्र कुमार, ए0आर0 को-आपरेटिव, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अपर जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण, गन्ना, चकबंदी, मण्डी, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित शुगर मिल के प्रबन्धक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहें।

# छात्र/छात्राओं को ड्रग्स एवं मादक पदार्थो के सेवन को रोकने हेतु जागरुक किया जाये-डीएम

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर एन0सी0ओ0आर0डी0 की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि व्यापक जागरुकता अभियान के अर्न्तगत जनपद के समस्त विद्यालयों एवं अन्य स्थलों पर अभियान चलाकर ड्रग्स एवं मादक पदार्थो के सेवन पर रोक लगायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूली छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भी ड्रग्स एवं मादक पदार्थो के सेवन पर रोक लगाने हेतु जागरुक किया जाये।

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थो की तस्करी एवं उसकी रोकथाम हेतु कार्ययोजना बनाई जाए तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिबंधित मादक पदार्थो का विक्रय एवं सेवन न हो सके इसको सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने ड्रग्स इंस्पेक्टर को निर्देश दिये कि ड्रग्स की दुकानों पर निरन्तर निगरानी रखें तथा बिना लाईसेंस की दुकानों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ड्रग्स विभाग और पुलिस विभाग आपस में तालमेल के साथ कार्य करें। बैठक में जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि अपने विभाग के कर्मचारियों को भी जागरुक करें, जिससे ड्रग्स एवं मादक पदार्थो की तस्करी एवं उसकी रोकथाम हेतु समय रहते कार्यवाही की जा सके। बैठक में एसपी टैअफिक, डीएफओ सूरज, जिला समाज कल्याण अधिकारी मो0 मुश्ताक अहमद, जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्रपाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# हिमगिरी कॉलोनी में मिला कटा हुआ सिर, जांच में जुटी पुलिस

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हिमगिरी कालोनी में मंगलवार देर रात पुलिस को एक कटा हुआ सिर क्षतविक्षत अवस्था में मिला। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माना जा रहा है कि सप्ताह पूर्व फकीरपुरा चौकी के पास मिले सिर कटी लाश का ही यह सिर है। पुलिस अधिकारी मिलान कराने की बात कह रहे हैं। थाना सिविल लाइंस के हिमगिरी कालोनी में मंगलवार देर रात रास्ते के किनारे कटा हुआ सिर क्षतविक्षत हालत में मिला।

लोगों की नजर पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। थोड़ी देर बाद ही सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर और एसएचओ गजेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी ली। बाद में पंचनामा भरकर सिर को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। एसएचओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि जिस हालत में सिर मिला है उससे लगता है कि कुछ कुत्ते कहीं और से इसे खींच कर लाए हैं। सिर की हालत ऐसी नहीं है कि किसी भी तरह की पहचान की जा सके। उनका कहना है कि संभव है कि यह सिर उसी अधजले सिर कटे शव का हो, जो बीते दिनों फकीरपुरा चौकी क्षेत्र में सोनकपुर पुल के आगे झाड़ियों में मिला था। एसएचओ के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद मिलान कराके पहचान कराने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि बीती सात मई रविवार को फकीरपुरा चौकी के आगे ईवीएम कंपोजिट भंडार के पीछे झाड़ियों में एक युवक का अधजला सिरकटा शव मिला था। पुलिस को शव के पास ही शराब की एक बोतल और कुछ दूर पर जले हुए कपड़े और जूते और एक अधजली टीर्श मिली थी। संभावना जताई जा रही है कि मंगलवार को मिला सिर उसी मरने वाले युवक का है।

# दहेज की खातिर नवविवाहिता से मारपीट, एसएसपी से शिकायत

मुरादाबाद- एक नवविवाहिता ने सिविल लाइंस में रहने वाले पति एवं ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में उत्तराखंड के जिला बागेश्वर की रहने वाली निशा ने बताया कि 15 फरवरी 2023 को हिंदू रीति रिवाज से उसकी शादी थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मोरा मुस्तकम निवासी अमित कुमार से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुरालवाले दहेज की मांग कर रहे हैं। जबकि उसके पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। नवविवाहिता का आरोप है कि उसके पति व ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न करने पर उसे गंभीर रूप से मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता मौजूदा समय में अपनी बहन के घर पर रह रही है। पीड़िता ने एसएसपी से पति व ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव डवलपमेंट की बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव डवलपमेंट की बैठक आहूत की गयी। बैठक में राष्ट्रीय सहकारी डेटावेस को अद्यतन एवं नियमित किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। राष्ट्रीय सहकारी डेटावेस से विश्लेषण के अनुसार बहुउद्देश्य पैक्स /प्राथमिक डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों को बनाने के लिए डेटावेस के भिन्नता के आधार पर जिला कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की सभी पंचायतें/गांव बहुउद्देशीय पैक्स या प्राथमिक डेयरी/मत्स्य पालन सहकारी समितियों जैसा भी मामला हो द्वारा आच्छादित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और अन्य संबंधित पदाधिकारियों के सहयोग से डीसीबी /एसआईसीबी और उनके संबंधित जिला /ब्लाक स्तरीय संघो यदि कोई हो के साथ मौजूदा और नई प्राथमिक सहकारी समितियों से संबंध स्थापित करने यदि जिला/ब्लाक स्तरीय संघ मौजूद नही है तो निकटवर्ती जिले /ब्लाक में मौजूद संघो के साथ संबंध स्थापित किए जा सकते हैं। सहकारी समितियों के निबंधक द्वारा नई प्राथमिक सहकारी समितियों के पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराए जाने पर विस्तार से चर्चा की गयी।

# मेगा कैंप में कानूनी जानकारी के साथ लोगों को सरकारी सेवाओं का मिला लाभ

मुरादाबाद - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के तत्वाधान में तहसील कांठ के ग्राम मुखत्यारपुर नवादा में मेगा लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कुमार ने मेगा कैंप का शुभारंभ किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज माधवी सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राधिकरण के उद्देश्यों से आमजन को अवगत कराया। अतिथियों ने कैंप में लगाई गई स्टाल का अवलोकन किया और उपस्थित लोगों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार लोगों को एक ही जगह पर कम से कम समय में अधिक से अधिक सेवाएं देने के उद्देश्य से यह कैंप लगाया गया है। उन्होने कहा कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को विधिक सलाह देना, और उनके केसों की पैरवी के लिए अधिवक्ता





उपलब्ध कराना है। इसके साथ साथ न्याय प्रक्रिया को उनके लिए सरल बनाना है। उन्होंने कहा कि यहां पर न केवल लोगों को योजनाएं और सेवाओं का लाभ दिया गया है बल्कि विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी भी आमजन को दी गई है। न्यायाधीश अरविन्द कुमार ने कहा कि सच की हमेशा जीत होती है, उसे दबाया नहीं जा सकता। अज्ञानता ही सभी समस्याओं की जड़ है। इसलिए अपने अधिकारियों, कानून के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। सच सभी समस्याओं का समाधान है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोगों की समस्याओं का कानूनी रूप से शीघ्र समाधान करता है। न्यायाधीश पुनीत कुमार गुप्ता ने मेगा कैंप की भावना को समझाते हुए आम लोगों को राहत पहुंचाने के विभिन्न स्त्रोत बताएं और 21 मई 2023 को होने वाली लोक अदालत के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए नागरिकों को आपसी विवाद लोक अदालत के जरिए सुलटाने की सलाह दी गई। है। उन्होंने संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक होकर वर्तमान परिस्थितियों में इन अधिकारों का सदुपयोग करने कहा। वहीं लोगों को त्वरित न्याय दिलाने तथा उन्हें विधिक सहायता प्राप्त करने के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। जिसके तहत सम्पत्ति बंटवारा, घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव एवं अपराध, बाल संरक्षण,शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क कानूनी सलाह, विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा निःशुल्क पैरवी हेतु अभिभाषक की सुविधा इत्यादि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्पेशल न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सुनील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनेन्द्र पाल सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह, उपजिलाधिकारी बिलारी जगमोहन, तहसीलदार कांठ विभा श्रीवास्तव, सी0एल0गुप्ता आई इंस्टीटूयट संस्थापक सरदार गुरविन्दर सिंह, प्राधिकरण कर्मी ईशु शर्मा, फैज उर रहमान शमशी एवं पराविधिक स्वयं सेवक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# महिला की हत्या कर शव जलाने पर मुकदमा दर्ज

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज, । दहेज न देने पर महिला की हत्या कर दी। शव को बिना किसी को सूचना दिए जला दिया था। मामले में मामा ने आठ ससुरालीजनों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिला कानपुर थाना बिछानू के केडीए कालोनी सागरपुर नौबस्ता निवासी राजेन्द्र दुबे ने कोतवाली अलीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि भांजी सोनम मिश्रा की शादी सनी मिश्रा निवासी झकरई अलीगंज के साथ 2019 में की थी। आरोप है कि ससुरालीजन दहेज की मांग करते थे। न देने पर उत्पीड़न करते थे। भांजी ने उत्पीड़न की बात बताई भी थी। 13 मई को झकरई से विट्टा देवी के पास कॉल पहुंची। नातिन की मौत हो गई है।

विट्टा देवी ने नातिन की मौत की जानकारी पीड़ित को दी। जानकारी पर 14 मई को गांव झकरई में भांजी सोनम की ससुराल पहुंचे। आरोप है कि जानकारी पर पता चला कि ससुरालीजनों ने भांजी की हत्या कर दी है और शव को जला दिया है। मामा ने कोतवाली अलीगंज में आठ ससुरालीजनों के विरूद्ध तहरीर दी थी। जांच के बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

# बिना दुल्हन लिए लौटी बारात, डी जे बना बबाल



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डीजे पर लड़की लंदन से लाएंगेज गाने को लेकर बवाल हो गया। बाराती-घराती आपस में भिड़ गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस दूल्हा के भाई व भांजे को ले आई। बताया जा रहा है कि घटना के बाद शादी नहीं हुई है।

हालांकि दोनों पक्ष का समझौता हो गया है। बाद में बात इतनी बिगड़ गई कि शादी भी टूट गई। बिना दूल्हन लिए बारात चली गई। कोतवाली नगर के मोहल्ला किदवई नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में सोमवार रात को बारात आई हुई थी। बारात जीटी रोड मानपुर स्थित कांशीराम कालोनी से आई थी। लड़की पक्ष जिला मैनपुरी थाना कुरावली के मोहल्ला कानूनगो के रहने वाले है। वह लोग सीधे गेस्ट हाउस पहुंच गए थे। सोमवार रात लगभग 12 बजे डीजे पर गाना बज रहा था। अपने मनपसंद का गाना बजाने को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गए। कुछ ही देर में दोनों पक्षों में पिटाई के बाद जमकर कुर्सियां फिंकना शुरू हो गईं। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे एसआई रीतेश ठाकुर व फोर्स ने दूल्हे के भाई और भांजे को पकड़ लिया और कोतवाली ले आई। एसएचओ नगर सुधीर सिंह ने बताया कि गाने को लेकर झगड़ा हुआ। लड़की पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया है।

# ग्राम विकास सचिव घूसखोरी में सस्पेंड

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज,। सरकारी काम में अवैध वसूली करने के मामले में एक ग्राम विकास अधिकारी का वीडियो सोशल नेटवर्क पर वायरल हो गया। इसके बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। इस मामले में जांच कराते हुए ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इस मामले में अब विस्तृत विभाग जांच शुरू कर दी गई है। अमांपुर ब्लॉक में प्रतापपुर तैनात ग्राम विकास अधिकारी नीता रानी के बारे में विकास कार्यों के भुगतान के मामले में प्रधान व लोगों से अवैध वसूली किये जाने की बातचीत कैमरे में रिकार्ड कर ली गई।

बातचीत का वीडियो किसी ने सोशल नेटवर्क पर वायरल कर दिया। इसके बाद वीडियो मोबाइलों पर वायरल होता हुआ आला अधिकारियों तक पहुंच गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन ने तत्काल जांच कर कार्यवाही करने के लिए जिला विकास अधिकारी संजय कुमार को निर्देश दिये।

इस मामले में जांच रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी गई। इसके बाद जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने तत्काल ग्राम विकास अधिकारी को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिये गये। कार्यवाही के बाद ग्राम पंचायत और ब्लॉक में यह मामला मंगलवार को दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। सोशल नेटवर्क पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसकी जांच जिला विकास अधिकारी से कराई गई। जांच रिपोर्ट में ग्राम विकास अधिकारी नीता रानी रुपये लेनदेन की बात कर रही हैं, जांच रिपोर्ट के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है।

-सचिन, सीडीओ

# कब्जा न छोड़ने वालों को घोषित करें भू माफिया

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कलक्ट्रेट सभागार में एण्टी भूमाफिया, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्य समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि पोर्टल पर लंबित शिकायतों का समय से निस्तारण कराएं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन 22 मई से 10 जून तक किया जाएगा। सभी लेखपाल रोस्टर के अनुसार अपने आवंटित ग्राम में बैठकर पीएम किसान के कार्य को पूर्ण करें। डीएम ने कहा कि सरकारी पर कब्जा न छोड़ने वालों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज कराएं। मत्स्य पालन, कुम्हारीकला पट्टों के आवंटन की कार्रवाई अतिशीघ्र तीनों तहसीलों में की जाएं। रियल टाइम खतौनी के तहत तहसीलवार आवंटन की कार्रवाई एलआरसी से अतिशीघ्र पूर्ण की जाए। ई-डिस्ट्रक्टि पोर्टल पर लंबित आवेदनपत्रों का समय से निस्तारण करें। जिस लेखपाल पर 10 से अधिक प्रकरण लंबित है, उन पर कार्रवाई को एसडीएम को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम प्रशासन कलक्ट्रेट पटल सहायकों की साप्ताहिक बैठक कर कार्य की समीक्षा की जाए। आरसी बसूली की प्रगति में सुधार करें। लापरवाही अमीनों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।बैठक में एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, एएसपी धनंजय कुशवाह, एसडीएम मानवेन्द्र सिंह, एएसडीएम वेदप्रिय आर्य, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कलक्ट्रेट पटल सहायक मौजूद रहे।

# आजम नगर स्थित गोशाला में दो दिन के अंदर कई गोवंशों की मौत

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अलीगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत आजम नगर स्थित गोशाला में दो दिन के अंदर कुछ गोवंशों की मौत हो गई। इसके साथ ही कई गोवंश बीमार और चोटिल होने से अचेत हैं। इसमें गोशाला से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है। गोवंशों को खाने के लिए हरा चारा देखने को भी नहीं है। आजम नगर स्थाई गोशाला में बीते दिन सोमवार को तीन और मंगलवार को दो गोवंशों की मौत हुई है। गोवंशों की मौत का कारण भूखे प्यासे रहने के साथ गर्मी के कारण होना बताया जा रहा है। बाकी गोवंशों की मौत किस कारणवस हुई है। इसे जानने के लिए पशुपालन विभाग ने मृत गोवंशों का पोस्टमार्टम कराए बगैर ही उन्हें दफनवा दिया है। इसके अलावा गोशाला में सांड की टक्कर से कई गोवंशों घायल होने के साथ कई गोवंश बीमार बने हुए हैं, जिनका उपचार करने के लिए पशुपालन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आजम नगर गोशाला में बीमार गायों को देखने डॉक्टर आते हैं या नहीं कुछ पता नहीं चलता है। वैसे अलीगंज में गोशाला कागजों पर सही संचालित हो रही है। हकीकत में यहां कुछ और ही है।- -रोशनलाल, आजम नगर

गोवंशों के मरने की सूचना मिलने पर हमने टीम के साथ आजम नगर गोशाला का निरीक्षण किया है। गोशाला में सोमवार को दो गोवंशों की मौत बीमारी के कारण हुई है। दोनों मृत गोवंशों का पोस्टमार्टम करा कर उनका अंतिम संस्कार कराया गया है। मंगलवार को कोई भी गोवंश नहीं मरा है। एक-दो गोवंश अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। जिन्हे लोगों ने मृत समझकर कर अफवाह फैला दी है। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। जो पशु बीमार हैं, उनका इलाज कराया जा रहा है।- -डॉ. अनिल कुमार सिंह, सीवीओ एटा

आजम नगर गोशाला में रोजाना गाय मर रही है। चारे के नाम पर सूखी तूरी खिलाई जा रही है। गोशाला में हरा चारा और रातव देखने को भी है। गर्मी व भूख के कारण गाय मर रही है। -राहुल पांडेय, देवतरा, अलीगंज

# सड़क हादसे मे तीन लोगो की हुई मौत



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज,यह हादसे की घटना कासगंज जनपद के थाना ढोलना क्षेत्र के नगला खंगार के पास की है, जहां दिल्ली से जफीर अहमद अपने परिवार वालो के साथ स्विफ्ट डिजाइजर कार से दिल्ली से वापस अपने घर कासगंज के मौहल्ला नवाव, जामा मस्जिद के पास आ रहा थे, तभी जफीर की गाडी पेड़ से टकरा गई ओर हादसे मे जकीर और उसके दो पुत्र उस्मान ओर इजहान की मौत हो गई, जफीर की पत्नी इराम और उसका एक अन्य बेटा इलमान घायल हो गया,

जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, बताया जा रहा है कि दोनों पति-पत्नी सरकारी अध्यापक हैं। वही पुलिस ने तीनो मृतको के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है,

# दवंग युवक ने तमंचा दिखाकर महिला के साथ किया दुष्कर्म रिपोर्ट

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ एक दवंग युवक द्वारा घर में घुसकर तमंचे की नौंक पर दुष्कर्म करने का मामला जानकारी में आया है जिसकी शिकायत पीड़िता महिला के पति ने पुलिस से की है। पीड़ित महिला के पति का आरोप है कि दोपहर समय करीब 2.30 बजे उसकी पत्नी घर में अकेली थी। उसी दौरान महिला को घर में अकेली देखकर गांव का ही एक आरोपी घर में घुस गया और महिला को बुरी नियत से दवोच लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने उसका विरोध किया

तो आरोपी ने महिला की कनपटी पर तमंचा रखकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया है। शिकायत करने पर महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी है। मामले के संबंध में कोतवाल एमपीसिंह ने बताया है कि पीड़िता के पति की तहरीर पर आरोपित मंटूरी पुत्र प्रथमसिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

# जनपद एटा द्वारा की गयी सैनिक सम्मेलन/अपराध समीक्षा गोष्ठी

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच





एटा-पुलिस लाइन एटा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद एटा द्वारा की गयी सैनिक सम्मेलन/अपराध समीक्षा गोष्ठी का कार्यवृत्त, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में अपराध समीक्षा/सैनिक सम्मेलन की बैठक की गयी जिसमें समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/थानाप्रभारी / शाखा प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण निम्नवत है–1.प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री सुधीर कुमार राघव प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस श्री शंभू नाथ सिंह 3.निरीक्षक श्री विनोद कुमार स्वाट टीम एटा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन एटा श्री हरपाल सिंह 5 प्रभारी चुनाव सेल एटा निरीक्षक श्री राकेश सरोज उपनिरीक्षक श्री निशांत भास्कर चुनाव प्रकोष्ठ एटा 7.उप निरीक्षक श्री विपिन भाटी स्वाट टीम एटा। उपनिरीक्षक श्री संजय सिंह थाना कोतवाली नगर एटा उपनिरीक्षक श्री अशोक थाना सकीट एटा 10.उपनिरीक्षक श्री आदित्य दीक्षित थाना कोतवाली नगर एटा कंप्यूटर ऑपरेटर अमित शर्मा सर्विलांस सेल एटा 12.मुख्य आरक्षी भूपेंद्र सिंह सर्विलांस सेल एटा 13.मुख्य आरक्षी अमित तोमर सर्विलांस सेल एटा 14.महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकिरण 15.मुख्य आरक्षी संजीव कुमार दुबे परिवहन शाखा एटा 16.मुख्य आरक्षी सुधांशु कुमार शुक्ला स्टोर मोहर्रिर पुलिस लाइन एटा 17.मुख्य आरक्षी प्रेमचंद 18.मुख्य आरक्षी रणजीत सिंह राघव19.मुख्य आरक्षी कर्मवीर चुनाव प्रकोष्ठ एटा20.आरक्षी श्री योगेंद्र 21.आरक्षी श्री सत्येंद्र कुमार 22.आरक्षी श्री धर्मेंद्र कुमार 23.आरक्षी श्री अंकुर मलिक 24.आरक्षी श्री राहुल लौर महिला आरक्षी पूजा महिला आरक्षी रचिता शर्मा थाना सकीट एटा 27.आरक्षी श्री विनीत कुमार प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय पुलिस लाइन एटा 28.आरक्षी एपी राजीव कुमार रिजर्व पुलिस लाइन एटा। अपराध गोष्ठी में निम्न बिन्दुओं पर दिशानिर्देश दिये गये- पुलिस अधि0/कर्मचारीगण द्वारा पूर्व में उठायी गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु समीक्षा कर सम्बंधित को उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को अपने अपने थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर जनपद में सामाजिक सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र में चिन्हित किए गए कुख्यात अपराधियों के सत्यापन एवं उनके विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अवैध शराब के निर्माण, अपमिश्रित शराब की बिक्री एवं तस्करी पर शत-प्रतिशत कार्यवाही की जाए। संपत्ति जब्तीकरण हेतु चिन्हत किए गए अपराधियों के संबंध में कई जाने वाली कार्यवाही। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही हेतु प्रस्तावित गैंगचार्ट के संबंध में समीक्षा। सभी अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी अपने अधीनस्थों को गाईड करें, क्षेत्राधिकारी स्वयं क्षेत्र में निकले ड्यिूटीरत अधीनस्थों को चैक करें, उनकी किसी भी समस्या को संज्ञान लेते हुये उसका तत्काल निराकरण करायें।

लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा वांछित/वारण्टी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाये। जनशिकायती प्रार्थना पत्र, आईजीआरएस प्रकरण में प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जायें। साथ ही सभी क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने सर्किल के थानों पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता की रैण्डम चैकिंग की जाये। सभी थानाध्यक्ष पीड़ित/आवेदक से स्वयं वार्ता कर उनकी समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी करें। ऑपरेशन पहचान से संबंधित अपराधियों के सत्यापन हेतु संबंधित को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। शासन की मंशानुरूप चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति और एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंच कर महिला/बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानों/बाजारों में पैदल गस्त तथा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को यातायात जागरूकता अभियान के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। पॉक्सो एक्ट तथा आर्म्स एक्ट के मामलों में उत्कृष्ट विवेचना व प्रभावी पैरवी करते हुए अतिशीघ्र सजा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध शराब तथा अवैध व्यापार से अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति का चिन्हीकरण कराकर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अवैध संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। 16 . समस्त थाना प्रभारियों को लावारिस माल मुकदमाती वाहनों के शीघ्र निस्तारण/नीलामी हेतु निर्देशित किया गया सभी अधिकारी व कर्मचारी अपना व्यवहार उच्चकोटि का रखें। नियमानुसार वर्दी धारण करें। आचरण में सौम्यता एंव शालीनता रखी जाये। दुर्व्यवहार की शिकायत पर दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। 18.आपरेशन पहचान की कार्यवाही बिल्कुल सत्यता के साथ पूर्ण की जानी चाहिए। 19.मालखानो का विविस्थकरण होगे उन में सभी थाने पर मौजूद अधिकारीगण व कर्मचारीगण उनका दायित्व होगा कि पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे। गोष्ठी के अन्त में सभी राजपत्रित अधिकारियों से अपना पर्यवेक्षण सुदृढ रखते हुये उक्त बिन्दुओं पर अधीनस्थों द्वारा की जा रही कार्यवाही का निरन्तर अनुश्रवण कर वांछित कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने की अपील की गयी।

# अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़: पंचतत्व में विलीन हुए पंडित हरिशंकर तिवारी, लोगों ने नम आंखों से दी विदाई

पूर्वांचल के कद्दावर ब्राह्मण नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित हरिशंकर तिवारी बड़हलगंज मुक्तिपथ पर पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। उनके अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या लोग पहुंचे हुए थे। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा भी पहुंचे थे। अंतिम संस्कार के दौरान लोगों ने %जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा% सहित अन्य नारे लगाए। इस दौरान गोरखपुर वाराणसी मार्ग पर भयंकर जाम लग गया था। इससे पहले पूर्व कैबिनेट मंत्री पं हरिशंकर तिवारी का पार्थिव शरीर दोपहर 3.30 बजे पैतृक गांव टाड़ा पहुंचा। गांव के लाल का अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। गांव की महिलाएं, पुरूष, नौजवान, बच्चे, वृद्ध सभी पंडित जी के अंतिम दर्शन को बेताब दिखे।बुधवार सुबह गोरखपुर से निकली शवयात्रा में क्षेत्र के लोग भी हमसफर हो गए। कुछ देर गांव में रूकने के बाद शव यात्रा बड़हलगंज के लिए रवाना हुई। जैसे जैसे काफिला आगे चलता रहा लोगों का कारवां भी बढ़ता गया।

पंडित भृगुनाथ चतुर्वेदी बालिका इंटर कॉलेज होते हुए शव यात्रा बड़हलगंज पहुंची। पंडित जी के निधन पर शोक जताने व अंतिम दर्शन के लिए सड़क के किनारे लोग खड़े दिखे। नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज पर कुछ देर तक



पार्थिव शरीर रखे वाहन को रोका गया। यहां लोगों ने अपने नेता का अंतिम दर्शन किया। इसके बाद शव यात्रा मुक्तिपथ के लिए रवाना हुई। छात्र राजनीति से शुरू हुआ बाहुबली पंडित हरिशंकर




तिवारी का सफर सदन तक पहुंचा। वह गोरखपुर के चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक और यूपी सरकार में पांच बार कैबिनेट मंत्री रहे। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद जब देश में कांग्रेस के पक्ष में सहानुभूति की लहर चल रही थी, तब वर्ष 1985 में जेल में रहते हुए हरिशंकर तिवारी ने कांग्रेस उम्मीदवार मार्कंडेय नंद को 21,728 वोटों से शिकस्त देकर राजनीति के दिग्गजों को चौंका दिया था।सत्तर के दशक में देश की राजनीति तेजी से बदल रही थी। जेपी की क्रांति और कांग्रेस को मिल रही चुनौतियों का असर हर राज्य में नजर आ रहा था। इससे राजनीति का गढ़ कहे जाने वाले पूर्वांचल के छात्र नेता भी अछूते नहीं थे। विश्वविद्यालयों में वर्चस्व की लड़ाई की शुरुआत हो चुकी थी। उस वक्त हरिशंकर तिवारी गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र नेता के रूप में बड़ा नाम बनकर उभरे थे। हरिशंकर तिवारी की ख्याति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चिल्लूपार सीट से वे 22 साल तक लगातार विधायक चुने गए। हरिशंकर की एक खूबी ये भी रही कि हर दल के साथ उनके करीबी रिश्ते रहे। सत्ता चाहे जिसकी भी रही वे हमेशा मंत्री बनते रहे। बीजेपी का दौर हो या समाजवादी पार्टी अथवा बहुजन समाज पार्टी का, हर बार पंडित हरिशंकर को सराकर में बड़ा ओहदा मिला।

# दुल्हन की मौसी को बारातियों के वाहन ने कुचला, बरात में मारपीट के दौरान भाग रही थी

मिर्जापुर जिले के राजगढ़ गांव में मंगलवार की रात आई बरात में बवाल हो गया। महिलाओं पर छींटाकशी को लेकर घराती व बराती में मारपीट हो गई। भाग रहे बरातियों के वाहन से कुचल कर दुल्हन की मौसी की मौत हो गई। यूपी के मिर्जापुर जिले के राजगढ़ गांव में मंगलवार की रात आई बरात में भोजन के दौरान महिलाओं के साथ छींटाकशी करने पर घराती व बराती में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। मारपीट के दौरान भाग रहे बरातियों के वाहन से कुचलकर दुल्हन के मौसी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक महिला के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। चुनार थाना क्षेत्र के बरगवां गांव से राजगढ़ गांव निवासी विशम्भर गोंड के पुत्री की शादी के लिए मंगलवार रात बरात आई थी। दूल्हे के पिता गोवर्धन ने बताया कि बरात में आए लोग चुनावी रंजिश को लेकर जनवास में आपस में ही भीड़ गए। किसी तरह बीच-बचाव किया गया।




पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सभी को समझाकर वापस चली गई।

## भोजन के दौरान शुरू हुआ था हंगामा

द्वारचार और जयमाल के बाद भोजन के दौरान बरात में आए कुछ लोग महिलाओं के बीच जाकर छींटाकशी करने लगे। विरोध के बाद दूल्हा पक्ष व दुल्हन पक्ष में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से ईंट पत्थर व लाठी-डंडा चलने लगे। जिससे बरातियों में अफरा-तफरी मच गई। दूल्हा पक्ष के कुछ लोग एक बोलेरो में बैठ कर भागने लगे। इसी दौरान अपने बेटे को पिटता हुआ देख बचाने के लिए दुल्हन की मौसी चंपा देवी ( 52 ) निवासी कुसम्हा थाना मड़िहान दौड़ी। भाग रहे बरातियों की बोलेरो से कुचल कर गंभीर रूप से घायल हो गई। आननफानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया।

## बरातियों के वाहनों में तोड़फोड़

महिला की मौत से आक्रोशित घरातियों ने बरातियों के अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की। सूचना पर पहुंचे राजगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बरात पक्ष के कुछ लोगों को रोककर पुलिस की मौजूदगी में शादी संपन्न कराई गई। थाना प्रभारी ने बताया की मृत महिला के पुत्र दीनदयाल की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हैलो! मैं डीएम कार्यालय से बोल रहा हूं...मकान खाली कर देना, फिर जान माल की धमकी

प्रशासनिक अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित धमकी का मामला दर्ज किया है। सोशल मीडिया पर बातचीत का ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

मैं डीएम कार्यालय से बोल रहा हूं, घर में बता देना कि मकान जल्द खाली कर दें। नहीं, तो पुलिस के बल पर मकान खाली कराया जाएगा। यह बात किसान कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ने पीड़िता को धमकाते हुए फोन पर कही है। पीड़िता की शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम ने आरोपी पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।प्रशासनिक अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित धमकी का मामला दर्ज किया है। सोशल मीडिया पर बातचीत का ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़िता राठ कस्बा के पठानपुरा निवासी साधना उर्फ मोहनी देवी पत्नी मंगल



सिंह ने डीएम को शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पिछले 25 अप्रैल को दोपहर करीब सवा एक बजे उसके मोबाइल पर फोन आया था। जिसमें आरोपी विकास उर्फ बाल जी पांडे अपने आप को डीएम कार्यालय से बोलने की बात कह रहा था। बात न मानने पर पूरे परिवार को जान माल की धमकी देते हुए मकान खाली करने का दबाव बना रहा है।

## उच्च न्यायालय में विचाराधीन है मामला

उनका मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। बताया कि पिछले सोमवार को वह घर के बाहर अपने सारे सामान के साथ बाहर बैठे थे। तभी कार में अपने साथियों के साथ आरोपी विकास उर्फ बाल जी पांडे आया और उसे पकड़ने की कोशिश करने लगा। परिवार ने विरोध किया, तो गाड़ी उसकी मां पर चढ़ाने का प्रयास किया।

धोखाधड़ी सहित जान माल की धमकी का मामला दर्ज रात का समय होने के कारण कोई घरों से नहीं निकला। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई।

वहीं शहर कोतवाल दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि आरोपी कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित जान माल की धमकी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले- जांच कर होगी कार्रवाई

मामले में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी ने कहा कि विकास उर्फ बाल जी पांडे जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हैं। आरोपों की जांच की जाएगी। अगर वह गलत नहीं हैं, तो उसका विरोध करेंगे। अगर मामला सही पाया जाता है, तो कार्रवाई करेंगे। बाल जी से संपर्क किया जा रहा है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, आदि विश्वेश्वर विराजमान से जुड़ा है मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान स्वयं भू की तरफ से दाखिल किरन सिंह और चार अन्य की याचिका नये सिरे से दाखिल करने की छूट के साथ खारिज कर दी।बहुचर्चित ज्ञानवापी परिसर से जुड़े कई मामले अभी अदालत में चल रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान स्वयं भू की तरफ से दाखिल किरन सिंह और चार अन्य की याचिका नये सिरे से दस्तावेजों सहित दाखिल करने की छूट देते हुए खारिज कर दी है। याचिका में जिला जज वाराणसी के



17अप्रैल 2023 को पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने याचिका यह कहते हुए वापस ले ली कि कुछ तथ्य और दस्तावेज अधूरे हैं। जिला जज ने लक्ष्मी देवी बनाम भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान केस के अलावा अन्य छह केसों को एक अदालत में स्थानांतरित करने की अर्जी मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि किरण सिंह ने भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के नाम से कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह बिसेन की पत्नी किरण सिंह हैं। जिनकी ओर से ये याचिका दाखिल की गई। बिसेन ने बताया था कि भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मुकदमे के माध्यम से तीन मांगें की गई। पहला मांग थी कि ज्ञानवापी परिसर में तत्काल प्रभाव से मुस्लिम पक्ष की एंट्री बैन हो। दूसरा ज्ञानवापी परिसर को हिंदुओं को सौंपा जाए और तीसरा भगवान आदि विश्वेश्वर स्वयंभू ज्योतिर्लिंग से जुड़ा मामला है। ये ज्योतिर्लिंग सबके सामने प्रकट हो चुका है। हमें पूजा की इजाजत मिले।

# बौनेर विद्युत सबस्टेशन से जुड़ी विद्युत लाइनों का अति शीघ्र नवीकरण करें बिजली विभाग के अधिकारी - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच
अकराबाद - धनीपुर से आगे विद्युत लाइन काफी कमजोर हो चुकी है थोड़ी सी हवा में विद्युत तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ते हैं

जिससे हादसा होते हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चेताया ह

ै कि धनीपुर क्षेत्र को लगाकर आगे ग्रामीण अंचलों में विद्युत लाइन जर्जर हो चुकी है आयोजन थोड़ी सी हवा में तार टूट कर जमीन पर गिर पड़ते हैं जैसे लोगों को अंधेरे में परेशानियों का सामना करना पड़ता है जर्जर लाइन विद्युत तारों काम नवीकरण हो किसानों की यह सबसे बड़ी समस्या है

विद्युत लाइनों का नवीकरण होने से क्षेत्र की जनता को बिजली ठीक मिलेगी जो विद्युत लाइन टूट कर जमीन पर गिर पड़ती है उसको



मजबूती मिलेगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध मे विद्युत एमडी आगरा से एवं बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों से अतिशीघ्र वार्ता होगी

विद्युत लाइनों का नवीकरण कराने के लिए जिलाधिकारी अलीगढ़ के माध्यम से पत्र जारी कर आएंगे संविदा कर्मचारी भी परेशान रहते हैं प्रवीण तार टूट कर जमीन पर गिरे पड़ते हैं और तारों को ठीक करने में पूरा दिन लग जाता है जिससे जनता को परेशानियां होती हैं

क्षेत्र के कुछ बड़े काश्तकार छोटे काश्तकारों ने यह समस्या बताई है इस समस्या का अति शीघ्र समाधान कराया जाएगा बिजली विभाग के अधिकारी और बा नेर विद्युत सबस्टेशन जुड़ी सभी विद्युत लाइनें का नवीकरण हो विद्युत लाइन जर्जर होने से विद्युत हादसे होते हैं विद्युत लाइनों का नवीकरण होनी चाहिए आज से रुकना संभव है यह किसानों की सबसे बड़ी समस्याएं है अति शीघ्र संज्ञान ले बिजली विभाग

# दूल्हा-दुल्हन की जिदः कहीं फेरे छोड़ पेपर दिया...तो कहीं विदाई के चलते छोड़ी परीक्षा, देखकर हैरत में पड़े सब

उत्तर प्रदेश में परीक्षा में दूल्हा-दुल्हन के अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिलने मिली है। कहीं, दूल्हा फेरे छोड़ परीक्षा देने पहुंचा। तो कहीं, विदाई के चलते दूल्हन ने परीक्षा छोड़ दी। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर और महोबा में परीक्षा का समय होने पर मौदहा कस्बे में शादी के फेरे बीच में छोड़ दूल्हे ने नगर स्थित मां गौरा महाविघालय में प्रथम पॉली में आयोजित परीक्षा दी। वहीं इसी महाविद्यालय की छात्रा विदाई के चलते दूसरी पॉली में आयोजित परीक्षा नहीं दे सकी।मुख्यालय स्थित मां गौरा महाविद्यालय के प्राचार्य एसके पांडेय ने बताया कि मौजूदा में बुंदेलखंड विश्वविघालय की परीक्षा चल रही है। मंगलवार को प्रथम पॉली में बीए तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र का पेपर था। इसमें मुख्यालय निवासी दीपक ने मौदहा में आयोजित अपने शादी समारोह के दौरान फेरे छोड़ परीक्षा में शामिल हुआ। वहीं मौदहा में दुल्हन पक्ष के लोग वैवाहिक कार्यक्रम पूरे कराने को दूल्हे का इंतजार करते रहे। परीक्षा खत्म होने के बाद दीपक ने मौदहा पहुंच कार्यक्रम पूरे कराए। इसी



प्रकार महाविद्यालय की बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा पारूल की दूसरी पॉली में परीक्षा थी। जिसकी विदाई हो जाने के कारण वह परीक्षा नहीं दे सकी।

## भांवरों की रस्म को बीच में छोड़ परीक्षा देने पहुंची दुल्हन

वहीं, महोबा के श्रीनगर थाना क्षेत्र में भांवरों की रस्मों के बीच परीक्षा का समय होने पर सोमवार को दुल्हन रस्में छोड़कर परीक्षा देने के लिए नवोदय महाविद्यालय श्रीनगर पहुंची। इस दौरान दूल्हा व बराती दुल्हन के वापस आने का इंतजार करते रहे। परीक्षा संपन्न होने के बाद ही शादी की अन्य रस्में पूरी हुईं। पुरवा पनवाड़ी निवासी बाबूलाल की पुत्री प्रेमा की 14 मई की शादी थी। बरात हमीरपुर जिले के मुस्करा कस्बे से आई थी। सोमवार सुबह वैवाहिक रस्में चल रहीं थीं। प्रेमा की बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय श्रीनगर में बीए तीसरे सेमेस्टर की राजनीति विज्ञान की परीक्षा थी। भांवरों की रस्मों को बीच में छोड़कर वह परीक्षा देने के लिए बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय पहुंची। इस दौरान दूल्हा गौतम रघुवंशी, बराती और रिश्तेदार प्रेमा के परीक्षा देकर लौटने का इंतजार करते रहे। महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से परीक्षा के बाद प्रेमा को मिठाई खिलाकर उसे उपहार स्वरूप साड़ी भेंट की गई।

## प्रबंधन ने बताया साहसिक कदम

कॉलेज के विश्वनाथ सिंह राघव ने कहा कि यह छात्रा का साहसिक कदम है। कॉलेज के परीक्षा केंद्राध्यक्ष उमेश यादव, आशीष मिश्रा, राजकुमार पांचाल, पूजा यादव, किरन नामदेव, सुरेन्द्र तिवारी, पवन, प्रताप व मुन्ना ने छात्रा को शादी की बधाई दी।

# जश्न से पहले टूट गईं सांसेंः एक झटके में तीन जिंदगियां खत्म, बेटी की बरात से पहले पिता और भाई-बहन की मौत

वाराणसी के रामनगर में बुधवार अलसुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार पिता, पुत्र और पुत्री को कुचल दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जिस परिवार के साथ ये हादसा हुआ उनके घर में 21 मई को बेटी की बरात आनी थी। काल के क्रूर मजाक से वाराणसी के डोमरी गांव में अब मातम और आंसुओं का सैलाब है। रामनगर में बुधवार अलसुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने डोमरी निवासी एक परिवार की सारी खुशियां छीन लीं। जिस घर में कुछ दिन बाद शहनाई बजनी थी, वहां पर मातम छा गया है। एक झटके में तीन जिंदगियां खत्म हो गईं। शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब होने वाली दुल्हन के पिता, भाई और बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई।



तीनों एक ही बाइक से बीएचयू अस्पताल से डोमरी स्थित घर जा रहे थे। रामनगर नगर के कोदोपुर स्थित बंधन लॉन के समीप एक बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार तीनों की मौत हो गई। सड़क हादसे में पिता-पुत्र और पुत्री की मौत से परिवार समेत पूरे गांव में कोहराम मच गया। एक साथ तीन मौत के बाद उपजी चीत्कार और चीखपुकार थमने का नाम नहीं ले रही। होने वाली दुल्हन और उसकी मां की हालत बेसुधों जैसी है। रामनगर थाना क्षेत्र के डोमरी निवासी प्लास्टिक दाना कारोबारी अविनाश प्रसाद ( 65 ) का मार्च से सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को डायलिसिस होता था। अविनाश की बड़ी पुत्री की शादी 21 मई को तय है। मंगलवार को अविनाश अपने बड़े बेटे रतनदीप सोनी व छोटी बेटी ज्योति के साथ बीएचयू अस्पताल डायलिसिस कराने गए थे। डायलिसिस होने के बाद बुधवार अलसुबह तीनों एक ही बाइक से घर जा रहे थे। बाइक रतनदीप चला रहा था। कोदोपुर स्थित बंधन लॉन के समीप बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद सभी सड़क पर गिरे। चालक सभी को रौंदते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया। हादसे में पिता अविनाश प्रसाद और पुत्री ज्योति की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल रतनदीप ने फोन कर अपने चाचा राकेश को हादसे की सूचना दी। इधर, मौके पर जुटे स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल रतनदीप को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जा रही थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। अविनाश मूलरूप से लोहटिया के रहने वाले थे। पिछले लगभग 20 वर्ष से डोमरी में मकान बनाकर परिवार संग रहते थे। अविनाथ को सात पुत्री और दो पुत्र हैं। हादसे में एक पुत्र और पुत्री की मौत हो गई। अविनाश प्रसाद की बड़ी बेटी प्रीति की बरात 21 मई को आनी है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। घर में मेहमानों का आना जाना था, प्रीति बेहद खुश थी। बुधवार सुबह सड़क हादसे की खबर आते ही मानो सन्नाटा छा गया। पिता अविनाश, बहन ज्योति व भाई रतनदीप की मौत की खबर से प्रीति बेसुध हो गई। वहीं उसकी मां सकते में आ गई। वो बिलखते हुए कह रही थी कि अब केकरा सहारे जियब हो भगवान.. हमरा रजवे कहा लेगइला हो भगवान। इनकी मार्मिक चीत्कार को सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। इस दौरान परिवार वालों की चीत्कार सुन हर किसी का कलेजा फटा जा रहा था। सबकी आंखें नम दिखीं। रोने के सिवाय किसी के मुंह से कुछ बोल नहीं निकल पा रहा। रिश्तेदार और मित्र घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढ़स बढ़ा रहे हैं लेकिन इस घटना ने गांववालों और रिश्तेदारों को भी गमगीन कर दिया है।

# पुलिस ने किया भंडाफोड़ः तीन गुना मुनाफे के लालच में दुकानदार आसानी से खपा रहे नकली गुटखा, कैंसर का खतरा बढ़ा

गोरखपुर में नकली गुटखे का बाजार पिछले चार सालों से तेजी से बढ़ा है। जानकर बताते हैं, तीन गुना मुनाफे के लालच में दुकानदार जानते हुए भी नकली गुटखा बेचते हैं। पांच रुपये कीमत वाले बड़ी कंपनी के गुटखे के एक पाउच पर दुकानदार को 80 पैसे बचते हैं, जबकि नकली गुटखा बेचने पर एक पाउच पर दो रुपये की बचत होती है। इसी लालच में दुकानदार भी इस खेल में शामिल हो चाते हैं। ऐसे में एक तो गुटखा, दूसरे उसके नकली होने से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक तिवारी ने कहा कि वैसे तो कोई भी गुटखा नुकसानदायक होता है, लेकिन नकली ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। क्योंकि, कंपनी के गुटखे में सुंगध, रंग के लिए जिस केमिकल का इस्तेमाल होता है, वह खाने वाला होता है।हाटा बाजार में जिस नकली फैक्टरी को पुलिस ने पकड़ा है, वह पिछले चार साल से संचालित हो रही थी। पहले यहां से आसपास के दुकानदारों को सप्लाई नहीं दी जाती थी। सूत्रों के अनुसार, इस खेल में कुछ खाकी वाले भी मिले हुए थे, इस वजह से धंधा आराम से चल रहा था। लेकिन, पिछले कुछ समय से लोकल बाजार में भी गुटखे की सप्लाई की जाने लगी थी।



स्थानीय बाजारों और बाहर के शहरों में गुटखा भेजने के लिए छोटे मालवाहक का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि किसी को संदेह न हो। बताया जा रहा है कि इस बार शिकायत एसओ के पास पहुंची तो उन्होंने अफसरों को पूरे प्रकरण की जानकारी देकर आधी रात के बाद छापा मारकर पूरे खेल को खोल दिया।गगहा, गजपुर, कौड़ीराम, हाटा, बड़हलगंज में होती है सप्लाई बताया जा रहा है कि फैक्टरी में बने कमला पसंद ब्रांड के नकली गुटखे की सप्लाई गगहा, गजपुर, कौड़ीराम, हाटा, बड़हलगंज इलाके में की जाती है। क्षेत्र के कुछ दुकानदारों की मानें तो संबंधित संचालक से गुटका खरीदने पर उन्हें तीन गुना मुनाफा मिलता है। असली के मुकाबले सस्ता देने की वजह से दुकानदार भी यह माल खूब खपाते हैं। हालांकि, अब फैक्टरी पकड़े जाने के बाद दुकानदारों का कहना है कि उन्हें नहीं पता था की गुटखा नकली है। ऐसे पहचानें नकली गुटखा रैपर का रंग हल्का होता है। गुटखा खाने पर स्वाद अलग होगा और मुंह में किरकिराहट होती है। पैकिंग का कागज हल्का होता है।एक्सपर्ट कमेंट -वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक तिवारी ने कहा कि वैसे तो कोई भी गुटखा नुकसानदायक होता है, लेकिन नकली ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। क्योंकि, कंपनी के गुटखे में सुंगध, रंग के लिए जिस केमिकल का इस्तेमाल होता है, वह खाने वाला होता है। इसमें सुपारी में मौजूद टॉक्सिन कैंसर का कारक होता है। वहीं, नकली गुटखे में सुपारी, केमिकल सब घटिया क्वालिटी के होते है, जो हर तरह से नुकसादायक हैं।

## बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से किसान की मौत, दो घायल, शादी समारोह से लौटते समय हादसा

आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र में फरिहां-मुहम्मदपुर मार्ग पर मोहिद्दीनपुर के पास बुधवार सुबह 8 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार किसान की मौत हो गई। वहीं उसके दो साथ अस्पताल में भर्ती हैं। आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र में फरिहां-मुहम्मदपुर मार्ग पर मोहिद्दीनपुर के पास बुधवार सुबह 8 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। यहां गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया।गंभीरपुर थाना प्रभारी विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि अकबरपुर निवासी देवराज ( 60 ), अवधेश कुमार ( 43 ) और महेश ( 30 ) एक ही बाइक से ताजपुर गांव में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से वापस लौटते समय बुधवार सुबह मोहिद्दीनपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में अवधेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि अन्य का उपचार चल रहा है। अवधेश चार भाई में सबसे बड़ा था। अवधेश के पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी ।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
24x7 KNLS लाइव
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# Father was admitted in ICU for 10 days, himself out due to injury for months; Now LSG won in the last over

The 24-year-old from Uttar Pradesh, Mohsin had a great last season but this time he missed





a lot of matches due to a left shoulder injury. The last 10 months have been tough for him. The league stage of the IPL is now in its final stages. 63 out of 70 matches of the league round have been done. In the 63rd match on Tuesday (May 16), Lucknow Supergiants defeated Mumbai Indians by five runs in a match that lasted till the last over. With this victory, Lucknow took a step towards the playoffs. He has 15 points in 13 matches. Left-arm fast bowler Mohsin Khan led the team to victory against Mumbai. Mohsin revealed that his father was recently admitted in the ICU for 10 days. The 24-year-old from Uttar Pradesh had a great last season, but this time he missed a lot of matches due to a left shoulder injury. The last 10 months have been very difficult for him. Mohsin himself was injured for a long time. He could not play in the entire domestic season because of this. After that stayed away from most matches of IPL 2023. Then his father's illness increased his worries. Tim David and Cameron Green were not scored for 11 runs - this was Mohsin's second match in the current IPL season. In the last over, Mumbai Indians had to score 11 runs to win. Lucknow captain Krunal called Mohsin for bowling. In front of him were two explosive batsmen Tim David and Cameron Green. Mohsin, performing brilliantly, did not allow both to score 11 runs. He won the team with his brilliant yorker. Mohsin thanked the team management - Mohsin said after the match, “It was a difficult time because I was playing after a year. My father got discharged from ICU yesterday. He was in the hospital for the last 10 days. I did it for them. He must be watching. Grateful to the team and support staff, Gautam Gambhir sir, Vijay Dahiya sir for giving me a chance in this match. I didn't do well in my last match." Wasn't looking at the scoreboard: Mohsin Talking about his plan in the final over, Mohsin said, "The plan was what I did in practice. Even Krunal was talking to me and I told him the same. Run-up kept the same. Didn't change it in the last over. I was trying to calm myself down and not look at the scoreboard. Was looking to bowl six balls well. The ball was getting stuck on the wicket. I tried to bowl a slower ball and then changed it to a yorker. The ball also started swinging reverse. Mohsin's record Mohsin has played 12 matches in the IPL so far. During this, he has taken 16 wickets in his name. He has got a chance to play one first-class match so far and has taken two wickets. In List A, Mohsin has taken 26 wickets in 17 matches.

# Sourav Ganguly now has 'Z' category security instead of 'Y', know why the Bengal government took this decision

Under the new security arrangements, the former BCCI president will be guarded by eight to 10 policemen. Ganguly was guarded by three policemen under the Y-category security cover. An equal number of security personnel used to guard his residence in Behala. The West Bengal government has decided to enhance the security of Sourav Ganguly, the former captain of the Indian cricket team. Mamta Banerjee government will now give Z category security to Ganguly. Under the new security arrangements, the former BCCI president will be guarded by eight to 10 policemen. Ganguly was guarded by three policemen under the Y-category security cover. The same number of security personnel used to guard his residence



in Behala. Why Ganguly's security increased? - The former BCCI president was earlier provided with 'Y' category security. After its expiry, on Tuesday (May 16) the government decided to upgrade Ganguly's security. An official from the Bengal government told news agency PTI, “After the VVIP security was over, the review was done as per protocol. After that it was decided to upgrade Ganguly's security to Z category. Did. "Ganguly is currently traveling with his team Delhi Capitals and will return to Kolkata on May 21. From that day onwards, he will start getting Z-category security," the official said. Who has what security in Bengal? - In West Bengal, Governor CV Anand Bose, Chief Minister Mamata Banerjee and Trinamool Congress MP and National Secretary Abhishek Banerjee get Z plus security. Ministers like Firhad Hakim and Moloy Ghatak are given Z-category security. BJP's West Bengal president Sukanta Majumdar gets Z plus security along with CISF security.

# Centuries in Test, ODI, T20 and IPL in a calendar year; Shubman Gill joins the club of giants

Shubman Gill is only the third batsman in the world to score centuries in all three formats for his national team in the same calendar year and also scored a century in IPL. David Warner and Mahela Jayawardene have done this before him. Indian team opener Shubman Gill has ended the drought of his centuries in IPL as well. He played a brilliant inning of 101 runs in the match against Sunrisers Hyderabad. This is his first century in IPL. He is also the first batsman to score a century for Gujarat Titans. With this century, he has made a place in the exclusive club of veterans. Shubman Gill is only the third batsman in the world to have scored a century in all three formats for his country in a calendar year and followed it up with a century in the IPL. The special thing is that Gill has done this feat only in the fifth month of 2023. Before Gill, Sri Lanka's Mahela Jayawardene did this in 2010 and Australia's David Warner in 2019. Gill has scored six centuries in five months - In the year 2023, Shubman Gill is in excellent form. He has scored six centuries in five months this year. It started with an inning of 116 runs in the ODI match against Sri Lanka. After this, he scored 208 runs in ODIs against New Zealand and also played an innings of 112 runs in the same series. He also played an unbeaten inning of 126 runs in the T20 series against New Zealand. After this, he scored 128 runs in the Test series against Australia. With this, Gill became the first player in 2023 to score a century in all three formats for India. Now Shubman Gill has played an inning of 101 runs for Gujarat Titans. He is the first player to score a century for this team. He has played a century for the first time in IPL. Joining Kohli-Raina's club - so far there are five players from India who have scored centuries in all three formats for the country and have also scored centuries in the IPL. The first name in this list is of Suresh Raina. Raina is the first player for India to score a century in all three formats. He has scored five centuries in ODIs. At the same time, one century each has come out of his bat in Test, T20 and IPL. After Raina, Lokesh Rahul, Rohit Sharma, Virat Kohli and now Shubman Gill have also done the same.



# Starting her career from the small screen, Nusrat created panic in Bollywood, achieved success on the basis of hard work

Bollywood actress Nushrat Bharucha does not need any introduction today. On the basis of his hard work, he has achieved that position in a very short time, which every artist aspires for. People are crazy about his acting. He has worked in more than one hit films. Apart from the best films, she is known for her bold style. May 17 means today the actress is celebrating her 38th birthday. On the occasion of his birthday, let us know some interesting things related to him. Nusrat started his career in the world of TV. In the year 2002, she appeared in the Zee TV serial 'Kitty Party'. Her role in 'Kitty Party' was not for long, she appeared in the serial for a few weeks. Actress Poonam Dhillon was in the lead role in this serial. After this



Nusrat worked in another show 'Seven'. After this he showed his interest towards films. After a long struggle, Nusrat Bharucha got the offer of the film in the year 2006. In the year 2006, Nusrat Bharucha started her career with the film 'Jai Santoshi Maa'. His first film could not show anything special at the box office and flopped. Then he was seen in the film 'Kal Kisne Dekha Hai' in the year 2009. Nushrat Bharucha's second film also proved to be a flop, but she did not lose heart. After this, she appeared in the films 'Love Sex Aur Dhokha' and 'Pyaar Ka Punchnama'. Her performance in Nushrat Bharucha's 2011 film 'Pyaar Ka Punchnama' was highly praised. Even though it did not prove to be a big hit, but the pairing of Karthik Aryan and Nushrat Bharucha in this film was well-liked by the audience. After this film, Nusrat Bharucha started getting offers for films. After this, he started making a special place in the hearts of the audience with his acting. In the year 2015, Nusrat Bharucha's film 'Pyaar Ka Punchnama 2' proved to be a hit. Nusrat Bharucha's film 'Sonu Ke Titu Ki Sweety' got a lot of love from the audience, this film proved to be a hit. In this film, he worked with actors like Karthik Aryan and Sunny Singh. Released in the year 2018, the film was a storm at the box office. That year the film became the highest earning film of more than 100 crores. Not only Nushrat Bharucha but also Karthik Aryan got a lot of recognition from this film. Nushrat worked with Ayushmann Khurrana in Dream Girl, which was loved by the audience. Apart from this, she worked in Chhalaang with Rajkumar Rao. In the year 2022, she appeared in Ramsetu and Selfie with Akshay Kumar.

# 'Daughter was made self-sufficient since childhood', Angoori Bhabhi became emotional remembering the days of struggle

TV world's well-known actress Shubhangi Atre is today famous by the name of Ghar Ghar Bhabhi Ji. This show of Shubhangi is very popular among the audience and people are praising her performance too. Now recently, in an interview, Shubhangi revealed all the aspects related to her personal life and also told how much the initial days were full of struggle for her. Actress Shubhangi may have become the life of the small screen today, but even today the audience knows her by the name of Bhabhiji. After replacing Shilpa Shinde in the show, Shubhangi has never let the audience miss her. On the basis of her acting, she is still winning the hearts of the audience. Recently, in an interview, the actress revealed the difficulties she had to face to reach this point. In an interview, Shubhangi was asked that your character in the serial is very funny, but when you go out, you are very funny. What is the reaction of people at that time. To this, the actress replied, 'Bhabhiji's character is a very beautiful character. For any actor, this character is like Chappan Bhog Thali. The [illegible]



has all the emotions, whenever I meet people, the first thing they want to hear is 'Sahi Pakde Hai'. Sometimes he forgets that I am also a human being. 'Further the actress was asked that you are also the mother of a daughter, so how do you balance your personal life and professional life. To this Shubhangi replied, 'My daughter knows from childhood that her mother is working, so she has become self-sufficient since childhood. She opens the locks of the house herself since childhood. I never miss spending quality time with my daughter. I do not take home at work and in the same way I do not take home things on shoots. Let us tell you that Shubhangi Atre has been making headlines for her personal life for the past many days. Actually, the actress had told the fans a few days back that she is divorcing her husband. Both have decided to separate after 19 years of marriage.

# Mamta Sarkar's clarification regarding the ban on The Kerala Story, said- this film hurts the sentiments

'The Kerala Story', which brought the silver screen of cinema on the issue of mass conversion in Kerala, has been surrounded by controversies. After watching the trailer, many political parties pleaded to ban the release of 'The Kerala Story', but the film was released in theaters despite strong protests. However, after its release, where it was made tax free in many states of the country, some had banned it. In such a situation, the Supreme Court, while interfering in the matter, had sought answers from the governments on the ban. These included Mamta Banerjee's West Bengal government. Now, while replying to the Supreme Court, the Mamta government has defended its decision. Recently, the Supreme Court had issued a notice to the West Bengal government on the plea of the producers of 'The Kerala Story', seeking a ban on the film's exhibition in the state. The decision was challenged. Now the West Bengal government has revealed the reason behind this decision to the Supreme Court in this matter. The West Bengal government has told the Supreme Court that the film 'The Kerala Story' is based on fabricated facts and contains hate speech that can hurt communal sentiments and create disharmony among communities, causing law and order problems in the state. Filing its affidavit before the Supreme Court, Mamata Banerjee's government said that the film could create communal disharmony and law and order situation, as suggested by various intelligence inputs. Defending its decision to ban the film, the West Bengal government stated that the screening of the film was likely to lead to conflict between extremist groups. The affidavit stated, 'The film is based on manipulated facts and contains several The visuals contain foul language, which can hurt communal sentiments and create disharmony between communities. Which will eventually lead to a law and order situation. As revealed by various intelligence inputs, the Government of West Bengal stated that there are intelligence inputs regarding the possibility of breach of peace due to public exhibition of the film. The affidavit further reads, 'Needless to mention that all the states in India differ in their population and their beliefs, and by any stretch of the imagination the parameters cannot be same for two states under similar circumstances . It is the responsibility of the government to maintain law and order and peace in the state. area and understand the intent behind such executive actions. The state has decided to ban the film to avoid any incidents of hatred and violence. The affidavit further states that the ban on the release of the film is a policy decision of the Government of West Bengal, passed to maintain law and order.



# सिधवां नहर पर 4 पुलों का काम जल्द शुरू होगा: सांसद अरोड़ा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

